**Dainik Bhaskar (Indore), 09th October 2025, Front Page – Plus 02**

# स्टार्टअप व रिसर्च प्रोजेक्ट्स को मिलेगी 10 लाख की फंडिंग

## आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (मेईटी) द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप फंडिंग प्रोग्राम- जेनेसिस ईआईआर के लिए आवेदन करने की तारीख आगे बढ़ाई गई है। आईआईटी इंदौर इसमें होस्ट इनक्यूबेटर की भूमिका में है। यह इस प्रोग्राम का दूसरा संस्करण है। इस प्रोग्राम में शुरुआती दौर के डीपीआईआईटी रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स और कॉलेज में रिसर्च कर रहे यूजी और पीजी के छात्र 11 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसमें वही स्टार्टअप आवेदन कर सकते हैं, जिन्हें इससे पहले 10 लाख रुपए से कम की फंडिंग मिली है और जिनकी आयु 2 वर्ष से कम है। प्रोग्राम के तहत चयनित स्टार्टअप और प्रोजेक्ट्स को अपने आइडिया और प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए 10 लाख रुपए तक की फंडिंग और मेंटरशिप सपोर्ट दिया जाएगा।

आवेदन करने के बाद आईआईटी इंदौर के इन्क्यूबेशन सेंटर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन की इंटरनल रिव्यु टीम आवेदनों की जांच करेगी। इसके बाद एक्सटर्नल टीम द्वारा रिव्यू किया जाएगा। फिर प्रोजेक्ट या स्टार्टअप के सभी दस्तावेजों की जांच के बाद फंडिंग प्रदान की जाएगी। मेंटरशिप दो साल के लिए दी जाएगी जिसमें कई वर्कशॉप आदि में भी चयनित स्टार्टअप और प्रोजेक्ट्स को भाग लेने का मौका मिलेगा। इसमें डीपटेक में काम कर रहे स्टार्टअप, डिजिटल कम्युनिकेशन, सॉफ्टवेर, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर, हार्डवेयर इनोवेशन के प्रोजेक्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाईन, एम्बेडेड सिस्टम और हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट्स भाग ले सकते हैं।